प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

प्रधानमंत्री–पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। दीपावली पर देशवासियों को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न केवल धर्म का पालन किया बल्कि अन्याय का बदला भी लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम लोगों को धर्म का पालन करना सिखाते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सिरमौर जिला के कोटला बड़ोग में बनने वाले नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने इस पुनर्वास केंद्र के निर्माण को लेकर आज शिमला में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र में कुल सौ बिस्तरों की क्षमता होगी और चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने पांच करोड़ 34 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। बैठक में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल भी मौजूद रहे।

शहीदी दिवस

इस बीच मुख्यमंत्री ने श्री गुरू तेग बहादुर जी के 3 सौ 50वें शहीदी दिवस पर शिमला में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की। ये समारोह आगामी एक और 2 नवबंर को शहर के रिज मैदान पर और पदम देव परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस समारोह के दौरान नगर निगम को स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और आयोजन स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जीएसटी स्टेशनरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जी एस. टी. बचत उत्सव की 22 सितंबर से शुरूआत हो चुकी है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। पेश है एक रिपोर्ट जिसमें बताया गया है कि किस तरह स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी की कटौती से आम लोगों को खासतौर पर विद्यार्थियों को मदद मिल रही है।

डिस्पेच

नए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर बड़ी राहत की घोषणा की है। नए कर ढांचे के तहत पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएं, ग्राफ बुक, नक्शे और चार्ट पूरी तरह से कर मुक्त कर दिए गए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य आवश्यक स्टेशनरी वस्तुओं को और अधिक किफायती बनाना है, जिससे छात्रों के लिए सीखने की लागत कम हो और घरेलू निर्माताओं की मांग बढ़े। जीएसटी में कमी से परिवारों और छात्रों पर वित्तीय बोझ कम हो रहा है, जिससे देशभर में शिक्षा तक पहुंच और बेहतर हो रही है।

पुलिस स्मृति दिवस

आज पुलिस स्मृति दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक सशक्त पुलिस बल ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है और यही सरकार का लक्ष्य है। पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीन के हमले में शहीद हुए दस बहादुर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। इधर किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में हुए कार्यक्रम में शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक सेकर ने कहा कि शहीद जवानों की शहादत हम सभी के लिए प्रेरणा है और पुलिस बल जनता की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि सरकार खेलों के विकास के प्रति गंभीर है और इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। वे आज शिमला जिला के जुब्बल क्षेत्र के ढाडी में एक वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं जहां शरीर और मस्तिष्क को सुदृढ़ बनाती है, वहीं युवाओं को नशे से भी दूर रखती है।

हमीरपुर–भाजपा

हमीरपुर जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने आज समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और बड़सर से भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल भी मौजूद रहे। इस दौरान धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते रहने का आह्वान किया। सांसद अनुराग ठाकुर ने भी सभी से हिमाचल प्रदेश और राष्ट्र को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

..........................................................................................................